# प्रैस विज्ञप्ति

**दिनांकः 14.10.2021**

मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय में आयोजित पारम्परिक अन्तः सदनीय प्रतियोगिता के क्रम में दूसरे स्थान पर आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में चारों सदन (सोम, वरूण, इंद्र व सूर्य) के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। सभी मैच लीग प्रतियोगिता के अंर्तगत खेले गए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन चारों सदनों के मैच हुए। छात्रों के मैच में सोम सदन व इंद्र सदन ने जीत हासिल की। दूसरी तरफ छात्राओं के मैच में वरूण सदन व सूर्य सदन ने जीत हासिल की। सभी छात्र व छात्राओं ने अपना बेहतरीन प्रर्दशन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य एवं निदेशक कर्नल अशोक मोर ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। उक्त प्रतियोगिता 11 अक्टूबर 2021 से आरम्भ हुई और दिनांक 14 अक्टूबर 2021 को समाप्त हुई। इसके दौरान प्रशिक्षक, शिक्षक–एवं छात्रागण मौजूद रहे।